दैनिक भास्कर
खंडवा 10-04-2026

मैनेजमेंट फंडा

एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

काम को लेकर पसंद-नापसंद को फिर से तय करने का समय आ गया है

दुनिया में बेहतर अवसर तलाश रहे ज्यादातर लोगों के लिए विदेशों में रहना और वहां काम करना लोकप्रिय फंतासी रहा है। आप भी अगर अमेरिका जैसे देश में काम करने का सपना देख रहे हैं तो ऐसे आप अकेले नहीं हैं। अमेरिकी कामकाजी जीवन की 'रिस्क-रिवॉर्ड' प्रकृति दुनियाभर के लोगों को आकर्षित करती है। लेकिन यह जानने में भी क्या हर्ज है कि कुछ अमेरिकी कहां काम करना चाहते हैं? साथ ही, आप चिंतित हैं कि एआई आपकी नौकरी समेत कई नौकरियां खत्म कर रहा है, तो आपको यह भी जानना चाहिए कि एआई कितनी नई नौकरियां पैदा कर रहा है। किसी भी चीज के दोनों पहलू जानना सही फैसला लेने में मदद करता है। तो चलिए शुरू करते हैं।

स्वयं अमेरिकी अपने ड्रीम जॉब के लिए विदेश जाने पर विचार कर रहे हैं। दुनिया के प्रख्यात विश्वविद्यालयों के लिए जाने-माने मैसाचुसेट्स के कैम्ब्रिज में बीते वीकेंड साइंस और टेक्नोलॉजी के दो दर्जन से ज्यादा पेशेवरों ने एक नए विषय पर चर्चा की और पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन बनाया। विषय था- वे फिनलैंड में कैसे कॅरिअर री-स्टार्ट कर सकते हैं। उन्होंने फिनलैंड को इसलिए नहीं चुना कि नॉर्डिक देशों (डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन के साथ ग्रीनलैंड, फेरो आइलैंड्स और ऑलैंड जैसे स्वायत्त क्षेत्र) में से एक इस देश के आर्थिक मामलात और रोजगार मंत्रालय ने प्रतिभाशाली लोगों को आकर्षित करने के लिए रियायती दरों पर स्वास्थ्य और चाइल्ड केयर सेवाएं एवं दो हफ्तों में रेजिडेंस परमिट देने का प्रोग्राम लॉन्च किया है। इसलिए भी नहीं कि फिनलैंड के राजनयिक जार्मो सारेवा ने अमेरिकी बुद्धिजीवियों को वीडियो मैसेज में कहा कि 'जो शोधकर्ता और वैज्ञानिक वैश्विक प्रभाव डालने वाली तकनीक बनाना चाहते हैं और ऐसा वे एक 'स्थिर' और प्रगतिशील माहौल में करना चाहते हैं, तो उनके लिए फिनलैंड बेहतर विकल्प है।' उनके 'स्थिर' शब्द ने उन दो दर्जन वैज्ञानिकों में से ज्यादातर को प्रभावित किया, क्योंकि यह दावा दुनिया के सबसे खुशहाल देश फिनलैंड की खासियत को और मजबूती देता है।

साथ ही, यदि आप यह सोचने वाले व्हाइट कॉलर नौकरीपेशा हैं कि एआई आपकी नौकरी समाप्त कर देगा तो आपको यह भी जानना जरूरी है कि एआई बड़ी संख्या में नए कॅरिअर पैदा कर रहा है। लिंक्डइन का विश्लेषण कहता है कि अकेले अमेरिका में एआई ने 2023 से 2025 के बीच 6.40 लाख नौकरियां पैदा की। ये 'हेड ऑफ एआई' और 'एआई इंजीनियर' जैसे व्हाइट कॉलर जॉब्स हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले वर्षों में 'हेड ऑफ एआई' की इकलौती नौकरी की संख्या 2.25 लाख से ज्यादा रही। दूसरी तेजी से बढ़ती नौकरी है- 'डेटा एनोटेटर', हालांकि यह अकसर पार्ट-टाइम होती है। यह पद मशीन लर्निंग मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए डेटा (टेक्स्ट, इमेज, वीडियो, ऑडियो) को लेबल, वर्गीकृत और व्यवस्थित करने के लिए जिम्मेदार है। इसके मुख्य दायित्वों में बाउंडिंग बॉक्स लगाना, तस्वीरों को सेगमेंट करना, टेक्स्ट ट्रांस्क्राइब करना और डेटा की निरंतरता बनाए रखना है। इसके लिए बारीकियों पर ध्यान देने की मजबूत क्षमता और एनोटेशन टूल्स की दक्षता जरूरी है।

ऊपर बताए आंकड़ों में निर्माण संबंधी वो अस्थायी नौकरियां शामिल नहीं हैं, जो एआई के लिए जरूरी विशाल डेटा सेंटर बनाती हैं। तेजी से उभर रही ये नौकरियां एआई को बेहतर प्रदर्शन करने और ज्यादा काम अपने हाथ में लेने के लिए प्रशिक्षित करने में मददगार हैं। ये इंसानों को भी काम में एआई के इस्तेमाल में मदद करती हैं। भले ही ये नौकरियां सीधे तौर पर एआई कंपनियों में हों, लेकिन इनका इस्तेमाल एआई-एजुकेशन, फाइनेंस, मैन्युफैक्चरिंग और हेल्थकेयर इंडस्ट्री तक हो सकता है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों का मानना है कि फिलहाल हम इस खेल की शुरुआत में हैं। अभी साफ नहीं कि एआई प्रबंधन में कंपनियों को कितने कर्मचारियों की जरूरत होगी। डेटा एनोटेटर जैसा गिग जॉब भविष्य में कंपनियों में स्थायी नौकरी बन सकता है।

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

फंडा यह है कि ये वक्त अपने काम को फिर से परिभाषित करने का है। यदि आपके पास एआई तकनीक को अपने साथियों और क्लाइंट्स को आसान तरीके से समझाने की स्किल है तो आप अगले कुछ वर्षों तक खुश रहेंगे और आपको विदेश जाने की जरूरत नहीं। एआई आपकी नौकरी को खतरा नहीं बन सकता।

पेज 1 का शेष

मोदी की 6 गारंटी: सरकार बनी तो बंगाल में 7वां...

आरोप- हुमायूं कबीर ने भाजपा से 1 हजार करोड़ लिए-इस बीच, टीएमसी नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक कथित वीडियो दिखाया। इसमें आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर नजर आ रहे हैं। टीएमसी ने आरोप लगाया कि ममता को हराने के लिए कबीर ने भाजपा नेताओं और प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क किया। इस वीडियो में कबीर एक हजार करोड़ रु. की डील की बात कर रहे हैं। तृणमूल ने यह भी दावा किया कि कबीर वीडियो में डील के तहत 200 करोड़ रुपए एडवांस में लेने की बात करते दिख रहे हैं। हालांकि हुमायूं ने वीडियो को एआई जनरेटेड बताया।

अब सुप्रीम कोर्ट सुनेगा वनरक्षक की हत्या का...

शीर्ष कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित सुनवाई तय कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि वह अवैध खनन को रोकने के लिए व्यापक और कड़े निर्देश जारी करेगा।

भाजपा पदाधिकारियों को भी बनाया आरोपी -अंबाह पुलिस ने ट्रैक्टर चालक विनोद कोरी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। वहीं वन विभाग ने अवैध रेत परिवहन के प्रकरण में ट्रैक्टर संचालक और भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पवन तोमर और युवा मोर्चा के मंडल मंत्री सोनू चौहान को भी इस मामले में आरोपी बनाया है।

केरल: ग्रामीण क्षेत्रों में वोटिंग बढ़ने से एलडीएफ...

गांव, जिला, सियासी गढ़ों में एक जैसी वोटिंग-केरल के 14 में 10 जिलों में 70% से ज्यादा वोटिंग हुई है। यह उछाल सभी जिलों, क्षेत्रों, समुदायों और राजनीतिक गढ़ों में समान दिखा है। उच्च राजनीतिक लामबंदी वाले उत्तरी केरल के कन्नूर, कोझिकोड, मलप्पुरम, वायनाड में 77% से 80% तक वोटिंग हुई है, जो परंपरा के अनुरूप है, लेकिन दक्षिणी जिलों तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथानामथिट्टा में 75% का आंकड़ा पार होना चौंकाता है, क्योंकि ये आमतौर पर पीछे रहते थे। पहले यहां 60 से 68% तक वोटिंग होती थी। राजनीतिक विश्लेषक जे. प्रभाष बताते हैं कि ये बढ़त निर्णायक हो सकती है। सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाले मलप्पुरम में जबरदस्त वोटिंग हुई। यह कांग्रेस नीति यूडीएफ का गढ़ रहा है। कोझिकोड, कन्नूर जैसे मुस्लिम क्षेत्रों में भी भारी मतदान है। ऐसा माना जा रहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के बढ़ते प्रभाव की चिंता इसकी वजह हो सकती है।

मध्य केरल में भी पैटर्न उतना ही स्पष्ट है। कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम जैसे ईसाई आबादी वाले जिलों में सामान्य से अधिक मतदान हुआ है। इसके पीछे आर्थिक और राजनीतिक दोनों कारण हैं। राजनीतिक विश्लेषक डॉ. के गोपाकुमार कहते हैं कि यह कोई लहर वाला चुनाव नहीं है। यह नपे-तुले बदलाव का संकेत है। कोई बड़ी जीत नहीं, लेकिन एलडीएफ और यूडीएफ में कड़ी टक्कर का संकेत है।

126 में से 92 सीटों पर 89% तक वोटिंग, इसलिए स्थिति...

इसके अलावा राज्य में मतदान से दो दिन पहले बिहार-यूपी से भारी संख्या में लोगों का असम आना। बिहार चुनाव से पहले भी ऐसा हुआ था। एक अन्य वरिष्ठ पत्रकार नव कुमार ठाकुरिया कहते हैं कि आमतौर पर गुवाहाटी में बहुत कम वोटिंग होती है, लेकिन इस बार 75% तक हुई है। निचले असम के मियां मुसलमान इलाकों में भी बंपर वोट पड़े हैं। 2023 में परिसीमन प्रक्रिया के बाद विधानसभा का यह पहला चुनाव था, लिहाजा चुनावी नक्शे में फेरबदल के बाद भी लोगों ने ज्यादा संख्या में वोट डालना उचित समझा।

सप्लाई में गैस 'लीक': 27 सिलेंडर से 54 किलो गायब, निगरानी सिस्टम फेल

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

डिपो से एजेंसी तक गैस सप्लाई के दौरान बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। भौंरी के बकानिया स्थित इंडेन ऑयल कंपनी के डिपो से निकले 342 घरेलू सिलेंडरों के ट्रक में से 27 सिलेंडरों में दो से तीन किलो तक गैस कम मिली। औसतन 2 किलो के हिसाब से करीब 54 किलो गैस गायब पाई गई, जो लगभग 4 पूरे सिलेंडरों के बराबर है। इसके साथ ही 5 सिलेंडर बिना सील के मिले, जिससे निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम ने सैनी इंडेन गैस एजेंसी के इमलिया स्थित गोदाम पर छापा मारा। यहां बुधवार रात 8 बजे बकानिया डिपो से निकला ट्रक गुरुवार सुबह 9 बजे, यानी 13 घंटे बाद पहुंचा। डिपो से गोदाम की दूरी करीब 25 किलोमीटर है, ऐसे में ट्रक का यह सफर 13 घंटे में पूरा होना भी सवाल खड़े कर रहा है। ट्रक को खाली करने से पहले ही जांच की गई। नापतौल विभाग की टीम बुलाकर सभी सिलेंडरों का तौल कराया गया, जिसमें 27 सिलेंडरों में गैस कम पाई गई। इससे पहले भी सैनी इंडेन एजेंसी के सिलेंडरों में तीन-तीन किलो गैस कम मिलने का मामला सामने आ चुका है, जिस पर खाद्य विभाग ने केस दर्ज किया था।

खाद्य विभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव के मुताबिक, 342 सिलेंडरों की खेप में इस तरह की गड़बड़ी बड़े स्तर पर नुकसान की आशंका दिखाती है। मामले की जांच की जा रही है। जरूरत पड़ने पर एफआईआर कराई जाएगी।

ड्राइवर का अजीब तर्क- मच्छर काटने पर सो गया

टीम ने ट्रक चालक मोहम्मद सिराज से पूछताछ की। उसने बताया कि रात 8 बजे ट्रक लेकर निकला था, लेकिन रास्ते में मच्छरों के कारण उसे नींद आ गई और वह सो गया। सुबह उठकर ट्रक एजेंसी पर लेकर पहुंचा। चालक के अनुसार डिपो से भरे गए ट्रक में कोई छेड़छाड़ नहीं हुई।

ट्रक जब्त कर सूखी सेवनिया पुलिस को सौंप दिया है। 310 भरे सिलेंडर कंपनी को लौटा दिए हैं। 32 सिलेंडर खाद्य विभाग ने जब्त किए हैं। **-चंद्रभान सिंह जादौन,** जिला आपूर्ति नियंत्रक

'गणित सोलर' बना रहा ऊर्जा समाधान, बिजली दरों में राहत का विकल्प

इंदौर | एक अप्रैल से बढ़ती बिजली दरें अब हर घर और व्यवसाय के बजट पर सीधा असर डाल रही हैं। ऐसे समय में बिजली खर्च पर नियंत्रण पाना जरूरी हो गया है। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए 'गणित सोलर' एक स्मार्ट किफायती और पर्यावरण अनुकूल समाधान के रूप में सोलर ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है। 'गणित सोलर' के साथ उपभोक्ता अपनी खुद की बिजली बना सकते हैं और हर महीने के भारी-भरकम बिल से राहत पा सकते हैं।

कंपनी घर और व्यवसाय दोनों के लिए उपयुक्त सोलर समाधान उपलब्ध करा रही है, जिससे खर्च में 70-80% तक की बचत संभव है। हाई-एफिशिएंसी सोलर पैनल, एक्सपर्ट इंस्टॉलेशन और सरकारी सब्सिडी में सहायता इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, शाम के पीक आवर्स में बिजली सबसे महंगी होती है, जबकि सोलर सिस्टम दिन में बिजली बनाकर जरूरतों को पूरा करता है और ग्रिड पर निर्भरता कम करता है।

GANIT SOLAR
www.ganitstar.com

पेपर लीक: 90 केंद्रों के सीसीटीवी खंगालेंगे

भोपाल | आरजीपीवी की डिप्लोमा फार्मेसी पूरक परीक्षा का पेपर लीक होने पर विश्वविद्यालय ने जांच शुरू की है। प्रदेश के 90 केंद्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे। 6 अप्रैल की परीक्षा का पेपर सुबह 11 बजे से पहले, करीब 10 बजे वायरल हो गया था।

रेलवे अस्पताल 1 मई से होंगे डिजिटल, यूएमआईडी कार्ड से होगा रजिस्ट्रेशन

भोपाल | पश्चिम मध्य रेलवे के तहत रेलवे अस्पतालों में इलाज की प्रक्रिया 1 मई 2026 से पूरी तरह डिजिटल होगी। जबलपुर सेंट्रल हॉस्पिटल के आदेश के अनुसार अब मरीज के लिए कागजी रेफरल जारी नहीं होगा। भोपाल रेल मंडल सहित तीनों मंडलों के करीब 2 लाख रेल कर्मियों और उनके परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

नई व्यवस्था में मरीज का रजिस्ट्रेशन यूएमआईडी कार्ड नंबर से होगा और मोबाइल पर ओटीपी के जरिए वेरीफिकेशन किया जाएगा। कर्मचारियों को यूएमआईडी कार्ड अपडेट रखने और परिवार के मोबाइल नंबर सही दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। इमरजेंसी में भी प्रक्रिया डिजिटल रहेगी। भर्ती के बाद निजी अस्पताल ऑनलाइन जानकारी भेजेंगे, जिस पर रेलवे अस्पताल 24 घंटे में मंजूरी या अस्वीकृति देगा। इलाज के बाद डिस्चार्ज भी पोर्टल के जरिए होगा। इस व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी, प्रक्रिया तेज होगी और मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार ने ग्राम टेमला, तहसील भीकनगॉव जिला खरगोन स्थित निम्न वर्णित भूमिस्वामियों से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य के सर्वे नंबर एवं रकबा को क्रय करने का सौदा किया होकर अग्रिम राशि का भुगतान कर दिया है:-

क्र.	नाम	सर्वे नंबर	रकबा
1	सुरेश पिता ललतू	183/1/2	0.809 हैक्टेयर
2	अमरसिंह पिता ललतू	183/2	0.911 हैक्टेयर
3	राजाराम पिता ललतू	183/3	0.910 हैक्टेयर
4	ओमप्रकाश पिता ललतू	183/1/1	0.809 हैक्टेयर
5	आनंदीबाई केवा ललतू	183/1/3	0.203 हैक्टेयर
6	कंचना पति मंगलाचर एवं संतोष पिता मोकुल	182/3	0.405 हैक्टेयर

अतः इस विक्रय व्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या निकाय को कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूमि पर किसी का किसी भी प्रकार का भार अथवा बोझ हो तो इस सूचना प्रकाशन के सात दिन में प्रमाण सहित मुझे पंजीकृत डाक से सूचित करें अन्यथा इस अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में विधिवत् विक्रय अनुबंध लेख तत्पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवा लेवेंगे एवं कोई आपत्ति या क्लेम मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं रहेगी।

अमन संजीव लढ़ा
अभिभाषक
प्र.क.: यू.जी.-2, 3 व 4, मनोरम टॉवर
32/2, मोती तबेला, इन्दौर दूरभाष: 2362258,(ऑ.), 94250-55316, 99262-56316 (मो.)

The Brihanmumbai Electric Supply & Transport Undertaking
(OF THE BRIHANMUMBAI MAHANAGARPALIKA)

निविदा सूचना

नीचे दी गई चीजों की सप्लाई के लिए ई-टेंडर मंगाए गए हैं।
(1) 11kV/415V, 630kVA, 1600kVA और 1000kVA सिंगल रेश्यो, VPI रेजिन इंप्रेग्नेटेड ड्राई टाइप (AN) डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर की हर दो साल में खरीद, (2) 81586- अर्थ इलेक्ट्रोड की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, कमीशनिंग और टेस्टिंग के लिए हर तीन साल में रेट कॉन्ट्रैक्ट,

पुनः आमंत्रित ई-निविदाएं

(3) 81467, (4) 81418.

नोटः अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर लॉग ऑन करें।

PRO/AAM(M)/06/2026 महाप्रबंधक

मध्य रेलवे

भुसावल मंडल

ई-नीलामी सूचना

मध्य रेलवे के भुसावल मंडल ने ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से www.ireps.gov.in पर नीचे दी गई संपत्तियों को पट्टे पर देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी से पहले साइट पर पंजीकरण कराएँ और सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें। अधिक जानकारी के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित ई-नीलामी से संबंधित सभी विवरण जानने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ:

श्रेणी	कैटलॉग सं.	संपत्ति विवरण	नीलामी तिथि और समय
पार्किंग	BSL-PKG-MKU-FW-120-25-1	फोर व्हीलर - मलकापुर	23.04.2026, प्रातः 10.30 बजे
पार्किंग	BSL-PKG-AK-TW-133-26-1	टू व्हीलर - अकोला	23.04.2026, प्रातः 10.40 बजे
पार्किंग	BSL-PKG-KNW-MX-94-24-1	टू और फोर व्हीलर - खंडवा	23.04.2026, प्रातः 10.50 बजे
पार्किंग	BSL-PKG-KMN-MX-130-25-1	टू और फोर व्हीलर - खामगांव	23.04.2026, प्रातः 11.00 बजे
पार्किंग	BSL-PKG-AMI-MX-130-25-1	टू और फोर व्हीलर - अमरावती	23.04.2026, प्रातः 11.10 बजे
पार्किंग	BSL-PKG-MZR-MX-123-25-1	टू और फोर व्हीलर - मुर्तिजापुर	23.04.2026, प्रातः 11.20 बजे
पार्किंग	BSL-PKG-BAU-MX-117-25-1	टू और फोर व्हीलर - बुरहानपुर	23.04.2026, प्रातः 11.30 बजे
पार्किंग	BSL-PKG-CNDB-MX-137-26-1	टू और फोर व्हीलर - चंदूर - बाजार	23.04.2026, प्रातः 11.40 बजे

विषयगत निविदा से संबंधित कोई भी अतिरिक्त परिशिष्ट/शुद्धिपत्र समय विस्तार, स्पष्टीकरण आदि वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहना चाहिए।

AK/BSL-07

अपने जानवरों को रेलवे लाइन से दूर रखें

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार ने ग्राम पिपल्याबुर्जुग, तहसील भीकनगॉव जिला खरगोन स्थित निम्न वर्णित भूमिस्वामियों से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य के सर्वे नंबर एवं रकबा को क्रय करने का सौदा किया होकर अग्रिम राशि का भुगतान कर दिया है:-

क्र.	नाम	सर्वे नंबर	रकबा
1	संगीताबाई पति राजेश	229	1.295 हैक्टेयर
2	अम्बाराम पिता तुकाराम व अन्य	230/438	0.842 हैक्टेयर
3	मोहन कुमार पिता रामस्वरूप	230	6.5 हैक्टेयर
4	मांगीलाल पिता तुकाराम व अन्य	228/2	0.129 हैक्टेयर

अतः इस विक्रय व्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या निकाय को कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूमि पर किसी का किसी भी प्रकार का भार अथवा बोझ हो तो इस सूचना प्रकाशन के सात दिन में प्रमाण सहित मुझे पंजीकृत डाक से सूचित करें अन्यथा इस अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में विधिवत् विक्रय अनुबंध लेख तत्पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवा लेवेंगे एवं कोई आपत्ति या क्लेम मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं रहेगी।

अमन संजीव लढ़ा
अभिभाषक
प्र.क.: यू.जी.-2, 3 व 4, मनोरम टॉवर
32/2, मोती तबेला, इन्दौर दूरभाष: 2362258,(ऑ.), 94250-55316, 99262-56316 (मो.)

PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला-147001)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40109PB2010SGC033813 वेबसाइटः www.pspcl.in,
मोबाइल नंबर 96461-55525

ई-टेंडर एनक्वायरी नंबर 724 /P-3/EMPW-13288 तारीख 07.04.2026

डिप्टी चीफ इंजीनियर/हेडक्वार्टर (प्रोक्योरमेंट सेल-3) GGSSTP, रूपनगर, MOEF&CC गाइडलाइंस के अनुसार सीमेंट, रेडी मिक्स कंक्रीट/ऐश बेस्ड प्रोडक्ट वगैरह बनाने वाले बल्क कंज्यूमर्स को GGSSTP/रूपनगर से 1,00,000 MT (मेट्रिक टन) ड्राई फ्लाई ऐश बेचने के लिए DNIT के लिए ई-टेंडर ID नंबर 2026_POWER_165395_1 मंगा रहा है। डिटेल्ड NIT और टेंडर स्पेसिफिकेशन के लिए कृपया तारीख 09.04.2026/12:00 दोपहर के बाद से https://eproc.punjab.gov.in देखें।

नोटः यदि कोई शुद्धिपत्र और परिशिष्ट होगा, तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।

1079/12/2026-27/10308 RTP-38/26

म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
(म.प्र. विधानसभा अधिनियम 1991 के अंतर्गत स्थापित)
(Accredited With Grade 'A' by NAAC)
राजा भोज मार्ग (कोलार रोड), भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष- 0755-2492093, 2424660, https://mpbou.edu.in
क्र.:223/आईटी/मप्रभोमुविवि/2026 दिनांक : 07.04.2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा ऑनलाइन/डिजीटल मूल्यांकन वर्ष 2026 के लिए अधिकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदाकार, जानकारी एवं विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in एवं https://mpbou.edu.in से प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार ई-निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों आदि का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट्स पर ही किया जावेगा तथा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा। निविदा की अंतिम तिथि 30.04.2026 समय सायं 05:30 बजे है।

म.प्र. माध्यम/125254/2026 कुलसचिव

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग इंदौर, परिक्षेत्र इंदौर
गायत्री मंदिर के पास, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)
ई-मेल: cepwdwest@mp.nic.in दूरभाष: 0731-2491825

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 01/सा./40/निविदा/2026-27 **"निविदा आमंत्रण सूचना"** इंदौर, दिनांक 02/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती है,उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

क्र	पोर्टल क्रमांक	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित राशि रू. लाख में	अमानत राशि रू. में	निविदा प्रपत्र की राशि रू. में	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1.	2026_PWDRB_496675	इंदौर	ए.बी. रोड हरसोला दलोदा खण्डवा रोड (आंतरिक मार्ग) का उन्नयन कार्य मार्ग लम्बाई 5.60 कि.मी. मय विद्युतीकरण कार्य सहित।	832.37	832370/-	20000/-	12 माह वर्षाकाल सहित।
2.	2026_PWDRB_496676	इंदौर	ओल्ड ए.बी. रोड से केशरबर्डी जामनिया कुवर्सी होते हुये लेबड़ फोरलेन तक मार्ग लम्बाई 03.36 कि.मी. का सुदृढ़ीकरण मय विद्युतीकरण कार्य सहित।	810.99	810990/-	20000/-	12 माह वर्षाकाल सहित।
3.	2026_PWDRB_496677	धार	जिरापानिया नालडिया बापदेव वसुनियापुरा से रंजीगढ़ मार्ग लम्बाई 05.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित।	536.24	536240/-	20000/-	12 माह वर्षाकाल सहित।
4.	2026_PWDRB_496678	खण्डवा	चिचगोहन से खेवरा मार्ग लम्बाई 04.20 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित।	527.62	527620/-	20000/-	12 माह वर्षाकाल सहित।
		महायोग—		2707.22 लाख			

निविदा प्रपत्र उपरोक्त दर्शित वेबसाईट से निविदा का निर्धारित मूल्य ऑनलाईन भुगतान कर, क्रय किए जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 22.04.2026 समय 17:30 तक निर्धारित है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं नियम उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती है।

निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, यदि हो तो उसे समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जाकर केवल वेबसाईट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा।

सभी दस्तावेज केवल ऑनलाईन वेबसाईट पर ही प्रस्तुत करें। भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में न भेजे जाए।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. इंदौर, परिक्षेत्र इंदौर
G-11256/26

बैंक ऑफ़ इंडिया
आंचलिक कार्यालय: पंडित माखनलाल चतुर्वेदी मार्ग, आनंद नगर, खण्डवा
फोन: 0733-2248534
ARD.Khandwa@bankofindia.co.in

अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

ई-नीलामी विक्रय सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन, अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वालेध्जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया) के पास गिरवी /प्रभारित है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणी एवं जमानतदारों से बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु दिनांक 28.04.2026 को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य अग्रिम धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमशः दी गई है।

ई-नीलामी दिनांक 28.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक

शाखा का नाम (1)	ऋणी/जमानतदार का नाम (2)	संपत्ति का विवरण व स्वामी का नाम (3)	मांग सूचना 13(2) के तहत मांग सूचना दिनांक व बकाया राशि (4)/ अधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5)	आरक्षित राशि (रू.) (6) धरोहर राशि (ईएमडी)(7)
अमरावती रोड शाखा, बुरहानपुर (म.प्र.)	**श्री जुजार हुसेन लूमवाला** पता : मकान .नं. 33, वार्ड नं. 27, मौलवी अहकाम उल्ला मार्ग, काजी की हवेली, दाऊदपुरा, बुरहानपुर, तह/जिला-बुरहानपुर (म.प्र.)	फ्लैट नं. 303, सर्वे क्रमांक 590, 589/1 और 591/3, तृतीय तल अनिल साई रेसिडेंसी, गीता साई नगर, बुरहानपुर में स्थित , यह बुरहानपुर उप-जिला और जिला बुरहानपुर के अंतर्गत आता है। सीमाएँ: पूर्व - कॉमन पैसेज, पश्चिम- कॉलोनी रोड, उत्तर-फ्लैट नं.301, दक्षिण-कॉलोनी रोड।	29.09.2025 रु. 10,60,320.13 + ब्याज एवं अन्य खर्च **कब्जा नोटिस** दिनांक 05.01.2026 सांकेतिक	रु. 13,00,320/- रु. 1,30,032/-

क्रेता के द्वारा स्टाम्प शुल्क, बिक्री प्रमाण पत्र शुल्क, पंजीकरण शुल्क, टी.डी.एस. सरकार को देय सभी वैधानिक बकाया, कर और दरों और संपत्तियों से संबंधित कोई अन्य खर्च, मौजूदा और भविष्य, दोनों के लिए देय होगा। बिक्री प्रमाण पत्र केवल सफल बोलीदाता के नाम से ही जारी किया जाएगा।
ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाईट https://baanknet.com बोलीकर्ता https://baanknet.com, नियम व शर्तों की अधिक जानकारी हेतु शैक्षणिक वीडियो के साथ देख सकते हैं। बोलीकर्ता को पूर्व में ही बोली पंजीयन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करना अनिवार्य है। नीलामी से संबंधित सभी जानकारी ई-नीलामी दिनांक से पहले ही प्राप्त कर लेने की सभी जवाबदारी बोलीकर्ता की रहेगी।

ए. सफल बोलीकर्ता को घोषणा के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) जमा करना होगा।
बी. नीलामी- बिक्री की कार्यवाही में बैंकिंग लेनदेन का समय समाप्त होने के पश्चात, खरीद मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) अगले कार्य दिवस तक जमा कराना होगा।
सी. बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान बिक्री की दिनांक से 15 वें (पंद्रहवें) दिन को या उससे पहले या ऐसी अवधि, जिसे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कारण दर्ज कर बढ़ाया गया हो, के भीतर जमा किया जाना होगा।
डी. उपर उल्लिखित अवधि के भीतर भुगतान न करने पर, जमा और बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बेच दिया जाएगा।
इ. सफल बोलीकर्ता की यह जिम्मेद